आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 01.03.2026
समय 0720

मुख्य समाचार :—

- सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत ने कहा— प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक—एक मॉडल सहकारिता गांव स्थापित किया जाएगा।
- राज्य में होली मिलन समारोह की धूम; मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा स्थित अपने निजी आवास पर क्षेत्रवासियों के साथ होली की खुशियां बांटीं।
- प्रदेश में 16 से 18 मार्च तक आपदा प्रबंधन की व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी।
- लोक भवन, देहरादून में आयोजित तीन दिवसीय वसंतोत्सव का आज समापन होगा।
- संयुक्त अरब अमीरात में ईरान के हमलों के बाद भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी कर दुबई और अबूधाबी में रह रहे भारतीयों से दूतावास के संपर्क में रहने की अपील की।

मॉडल सहकारिता गांव

सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत ने कहा है कि राज्य के प्रत्येक जिले में एक—एक मॉडल सहकारिता गांव स्थापित किया जाएगा। देहरादून में विभागीय समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने बताया कि इन गांवों में सहकारी बैंक, सीएससी सेंटर और सहकारी बाजार की स्थापना की जाएगी।

डॉ रावत ने कहा कि सहकारी बाजार महिला स्वयं सहायता समूहों, किसान समूहों और ग्रामीण उत्पादकों को विपणन का सशक्त मंच प्रदान करेगा। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना, रोजगार के अवसर बढ़ाना और सहकारिता आधारित आत्मनिर्भर मॉडल विकसित करना है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि मॉडल सहकारिता गांव प्रदेश में सहकारिता के सशक्त, आत्मनिर्भर और समावेशी विकास का आधार बनेंगे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सहकारी समितियों के 50 सचिवों को जल्द ही अध्ययन दौरे पर गुजरात भेजा जाए।

होली मिलन समारोह

राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में इन दिनों होली मिलन समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल खटीमा स्थित अपने निजी आवास पर होली पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया।

समारोह में विभिन्न समुदायों की महिलाओं ने हिंदी, कुमाऊँनी, थारू और बंगाली लोक परंपराओं पर आधारित होली गीतों तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। विविध सांस्कृतिक रंगों से सजे इस आयोजन में पारंपरिक लोकधुनों पर मुख्यमंत्री भी होल्यारों के साथ झूमते नजर आए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भाव और पारस्परिक सहयोग की भावना को सुदृढ़ बनाए रखने का आह्वान किया।

वसंतोत्सव

देहरादून स्थित लोक भवन में आयोजित वसंतोत्सव के दूसरे दिन कल सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। कुमाऊँनी लोकनृत्य 'चांचरी', जौनसारी लोकनृत्य 'हारूल', गढ़वाली लोकनृत्य 'बाजूबंद', थारू लोकनृत्य तथा कुमाऊँनी होली नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

इससे पहले सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन किया। दोपहर में केदारघाटी मंचन समिति की ओर से 'चक्रव्यूह' नाटक की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय और सशक्त संवादों के माध्यम से दर्शकों को अंत तक बांधे रखा।

इस अवसर पर पुष्प उत्पादकों और क्रेताओं के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से क्रेता–विक्रेता बैठक का आयोजन भी किया गया, जिससे पुष्प उत्पादकों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

वसंतोत्सव में कला, प्रकृति, स्वास्थ्य और स्वरोजगार के विविध आयामों का समन्वय देखने को मिल रहा है, जो इसे जनसामान्य के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा है। आज प्रदर्शनी का अंतिम दिन है।

तीन दिन की मॉक ड्रिल

प्रदेश में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आगामी 16, 17 और 18 मार्च को सभी जिलों में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी।

आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि निचले स्तर पर प्रभावी तंत्र विकसित करने के लिए यह अभ्यास तहसील स्तर पर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल को वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप आयोजित किया जाएगा, जिससे तैयारियों का समुचित मूल्यांकन किया जा सके।

उन्होंने कहा कि इस अभ्यास से आपदा के समय त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होगी और स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने की क्षमता भी सुदृढ़ होगी। मॉक ड्रिल के माध्यम से विभागीय समन्वय, राहत एवं बचाव दलों की त्वरित प्रतिक्रिया, उपलब्ध संसाधनों की स्थिति, संचार व्यवस्था और चेतावनी प्रणाली की भी जांच की जाएगी।

अभ्यास के दौरान भूकम्प, वनाग्नि, भूस्खलन, अग्निकांड, जलभराव, बाढ़ तथा मानव–वन्यजीव संघर्ष जैसी संभावित आपदाओं से निपटने का व्यवहारिक अनुभव प्राप्त किया जाएगा।

अल्मोड़ा मैग्नेसाइट उद्योग

अल्मोड़ा स्थित मैग्नेसाइट उद्योग को नैनीताल उच्च न्यायालय से चार माह के लिए पुनः संचालन की अनुमति मिल गई है। इससे लगभग दो हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध होगा।

लंबे समय से उद्योग बंद रहने के कारण इन लोगों के सामने आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया था। अब उद्योग को उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से भी संचालन की अनुमति प्राप्त हो चुकी है। इसी क्रम में उच्च न्यायालय ने उद्योग के पुनः संचालन पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों के संरक्षण, पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन और स्थानीय रोजगार सृजन की प्रक्रियाओं के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा सील

नेपाल में आगामी 5 मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनाव के दृष्टिगत चम्पावत जिले की नेपाल से लगी अंतर्राष्ट्रीय सीमा 72 घंटे के लिए सील रहेगी। इस दौरान दोनों ओर से किसी भी प्रकार के आवागमन में पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा को मतदान से ठीक 72 घंटे पूर्व सील कर दिया जाएगा। यह प्रतिबंध 03 मार्च की मध्यरात्रि से प्रभावी होगा और मतदान की समाप्ति 05 मार्च, तक लागू रहेगा।

एडवाइजरी जारी

यूएई में ईरान के हमलों की खबर के बीच अबू धाबी में भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी की है। दुबई और अबूधाबी में रहने वाले भारतीयों से दूतावास के सम्पर्क में रहने के लिए कहा गया है। इसके लिए टोल फ्री नम्बर और सोशल मीडिया नम्बर भी जारी किए गए हैं। वहीं सऊदी अरब में भी भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी की है। रियाद में भारतीय दूतावास ने सभी भारतीयों से सुरक्षा गाइडलाइन्स का पालन करने की अपील की है। साथ ही हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किए गए हैं जिन पर फोन कर एम्बेसी से सम्पर्क किया जा सकता है। वहीं ओमान में भी भारतीय दूतावास ने भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी की है। लोगों से दूतावास के सम्पर्क में रहने के लिए कहा गया है।

रेल मंत्रालय

रेल मंत्रालय ने सूचित किया कि अनारक्षित टिकट प्रणाली–यूटीएस मोबाइल ऐप की सेवाएं आज से बंद कर दी जाएंगी। मंत्रालय ने बताया कि ये सेवाएं नए रेल वन ऐप पर जारी रहेंगी और आर–वॉलेट बैलेंस स्वचालित रूप से स्थानांतरित हो जाएंगा। मंत्रालय ने कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे रेल वन ऐप पर उसी मोबाइल नंबर से पंजीकरण करें जो यूटीएस मोबाइल ऐप से जुड़ा हुआ है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

पश्चिम एशिया में महासंग्राम की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से पहले पृष्ठि पर प्रकाशित किया है। इस खबर पर हिन्दुस्तान की सुर्खी है– ईरान, इजरायल और अमेरिका की मिसाइलों से मध्यपूर्व दहला। अमर उजाला लिखता है– अमेरिका–इजरायल का ईरान पर हमला, 108 छात्राओं समेत 201 की मौत।

चारधाम यात्रा पर अमर उजाला लिखता है– ऑनलाइन पंजीकरण छह मार्च से, नहीं लगेगा शुल्क

बार काउंसिल पर नवोदय टाइम्स की सुर्खी है– उत्तराखंड बार काउंसिल के 23 पदों पर परिणाम घोषित।